रेड रिबन क्लब

समाज में एड्स जैसी घातक बीमारी जड़ से समाप्त हो जाए एवं प्रत्येक व्यक्ति में एड्स के प्रति जागरूकता बढ़े, जिससे बीमारी का उन्मूलन हो इसी उद्देश्य से सत्र 2022—23 में रेड रिबन क्लब के तत्त्वावधान में एड्स जागरूकता हेतु कई ज्ञानवर्धक रोचक व नवीन गतिविधियों का आयोजन किया गया। दिनांक 15.11.2022 से 01.12.2022 तक एड्स पखवाड़ा मनाया गया, जिसके दौरान व्याख्यान रखा गया। क्विज, निबंध, मेहन्दी, पोस्टर, स्लोगन, आशुभाषण प्रतियोगिताएँ रखी गयीं। 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं ने रैली, मानव—लोगो, रंगोली, एड्स जागरूकता गीत आदि में अति उत्साह से भाग लिया।

एड्स जागरूकता हेतु इस वर्ष कुछ नवीन तथा रोचक कार्य करवाये गए। जिसमें (1) एड्स जागरूकता रंगोली प्रतियोगिता (2) एड्स जागरूकता मेहन्दी प्रतियोगिता (3) हस्ताक्षर (1600) वाला एड्स लोगो चार्ट (4) शिल्पग्राम में जाकर छात्राओं के दल ने कलाकारों (विभिन्न राज्यों के) को भी एड्स की जानकारी दी।

दिनांक 17.01.2023 को पुरस्कार वितरण समारोह रखा गया। प्राचार्य डॉ. मीना बया ने छात्राओं को पुरस्कृत किया। समस्त गतिविधियाँ प्रभारी डॉ. रेहाना परवीन के नेतृत्व एवं सहप्रभारी डॉ. सुनीता शर्मा, सदस्य किरण टांक, बिन्दु कटारिया, कौशल सोनी की सक्रिय सहभागिता से सम्पन्न हुईं।

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
रेड रिबन क्लब

रेड रिबन क्लब

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
रैड" रिबन क्लब